Jagran

UP RATAN SAMMAN 2024

# LETTER OF COMMENDATION

is given to

## MR. SHALAB GUPTA BIBHAB
**FOUNDER, BIBHAB CAPITAL**

For crafting an enduring legacy of service and achievement, benefitting society and demonstrating unparalleled dedication towards nation growth, thereby setting new standards for tomorrow.

by

**SHRI GIRIRAJ SINGH**
**Honourable Minister of Textiles, Government of India**

**SHAILESH GUPTA**
DIRECTOR
JAGRAN PRAKASHAN LIMITED

Dainik Jagran inext




RATAN
SAMMAN



कार्यक्रम में चीफ गेस्ट ने सभी अवॉर्डीज को किया सम्मानित.




अवॉर्ड मिलने के बाद खुश नजर आई सभी सम्मानित हस्तियां.

# यूपी के 15 रत्नों को मिला सम्मान

## दैनिक जागरण आई नेक्स्ट यूपी रतन सम्मान पावर्ड बाई रिमझिम इस्पात से सम्मानित हुई विभूतियां

UP RATAN SAMMAN

newsroom@inext.co.in

दैनिक जागरण आई नेक्स्ट की ओर से अलग-अलग फील्ड में मुकाम हासिल करने वाली उत्तर प्रदेश और एनसीआर की 15 हस्तियों को 'यूपी रतन सम्मान-2024' से सम्मानित किया गया. गुरुवार को नई दिल्ली स्थित होटल हयात रीजेंसी में आयोजित समारोह में भारत सरकार में टेक्सटाइल मिनिस्टर व कार्यक्रम के चीफ गेस्ट गिरिराज सिंह ने सभी हस्तियों को सम्मानित किया. इस मौके पर गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. एसपी सिंह बघेल, मिनिस्टर ऑफ स्टेट, फिशिरीज, एनिमल हसबैंड्री व पंचायती राज और मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर डिफेंस संजय सेठ, सांसद अतुल गर्ग प्रमुख रूप से मौजूद रहे. दैनिक जागरण आई नेक्स्ट के वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग अनिर्बान बागची ने मिनिस्टर ऑफ स्टेट फार डिफेंस संजय सेठ का वेलकम किया. वोट ऑफ थैंक्स सीनियर न्यूज एडिटर धर्मेंद्र सिंह ने दिया. दैनिक जागरण आई नेक्स्ट का यूपी रतन सम्मान समारोह पावर्ड बाई रिमझिम इस्पात हैं, जबकि नॉलेज पार्टनर अमृता विश्वविद्यापीठम है.



लैंप लाइटनिंग के साथ हुई कार्यक्रम की शुरुआत.

### 'दैनिक जागरण आईनेक्स्ट का सामाजिक सरोकारों से जुड़ाव'




दैनिक जागरण आई नेक्स्ट के सीईओ आलोक सांवल ने वेलकम स्पीच देते हुए अखबार की शुरुआत पर विस्तृत जानकारी साझा की. यूपी रत्न सम्मान समारोह में आए सभी गेस्ट्स का उन्होंने स्वागत करते हुए उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने कहा कि रीडर्स का एक ऐसा समूह जो शहर से ताल्लुक रखता है उसके लिए दैनिक जागरण आईनेक्स्ट में अलग-अलग कलेवर का कंटेंट मौजूद रहा है. उन्होंने बताया कि किस तरह आईनेक्स्ट किसी एक विचारधारा को फॉलो न करके सामाजिक सरोकारों से जुड़कर कार्य करता है. उन्होंने सभी अवार्डीज का स्वागत करते हुए उनकी संक्षिप्त प्रोफाइल सभी गेस्ट के समक्ष साझा की. यूपी रत्न सम्मान के संबंध में उन्होंने बताया कि अलग-अलग क्षेत्रों के ऐसे लोगों का चयन कर उन्हें इस मंच के माध्यम से सम्मानित किया जा रहा है जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए प्रयास किए हैं.

### दीप प्रज्वलन से शुरुआत

चीफ गेस्ट व टेक्सटाइल मिनिस्टर गिरिराज सिंह समेत गेस्ट ऑफ ऑनर व स्पेशल गेस्ट ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की. इस मौके पर दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के सीईओ आलोक सांवल समेत सभी वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे.

### 'ये जागरण का पद्मश्री अवॉर्ड'



एसपी सिंह बघेल



संजय सेठ

कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि यह जागरण का पदमश्री अवार्ड है. उन्होंने सभी अवार्डीज का स्वागत करते हुए कहा कि अवॉर्ड पाने वाले लोग आम नहीं होते ये कुछ जुनूनी होते हैं. सभी अवार्डीज को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप समाजसेवा के कार्य में हैं. यूनियन मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर डिफेंस संजय सेठ ने कहा कि दैनिक जागरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत अखबार है. ये अपने सामाजिक दायित्वों को अच्छे से पूरा कर रहा है.

### इन विभूतियों को किया गया सम्मानित

- DR. DHEERAJ DUBAY, Sr. Consultant Joint Replacement Surgery - Shalby Multi-Specialty Hospital, AGRA
- MR. ANUJ AGRAWAL, JOINT SECRETARY, ITM GIDA, GORAKHPUR, GKP
- Mr. ATUL KUMAR JAIN, SECRETARY, VARDHMAN ACADEMY & JAINA JEWELLERS SARAF
- MR. YOGESH AGARWAL, INDUSTRIALIST & SOCIALIST, KANPUR
- MR. MAHENDER AGARWAL, CHAIRMAN, SDGI GLOBAL UNIVERSITY (SGU), Ghaziabad
- DR.SHARAD BAJPAI, SENIOR OPHTHALMOLOGIST, KANNIKA HOSPITAL PVT. LTD, KANPUR
- DR. PRAKHAR GARG, DIRECTOR, SWASTHYA MULTISPECIALITY CLINIC, NOIDA
- DR. PRATYUSH RANJAN, MEDICAL DIRECTOR ( UP & UTTRAKHAND ZONE, ASG EYE HOSPITAL PVT. LTD, VNS
- MR. SURINDER UTREJA, CHAIRMAN, BHOOMI INTERNATIONAL, NORTH INDIA
- DR. RISHABH KACKER, PULMONOLOGIST, KANPUR
- ENG.SANJEET SRIVASTAVA, MANAGING DIRECTOR, MANGRISH INFRASTRUCTURE PVT. LTD. GORAKHPUR
- DR. SANTOSH KUMAR SINGH, CONSULTANT NEUROPHYSICIAN, SHRIMATI RAMJHARI DEVI ADVANCED NEURO CARE CENTER, GORAKHPUR
- MR. SAURABH GARG, CHAIRMAN POCT GROUP
- MR.SHALAB GUPTA BIBHAB, FOUNDER BIBHAB CAPITAL, AGRA
- MR. MANOJ MADHESIYA, NATIONAL PRESIDENT ALL INDIA MADHESIYA VAISHYA SABHA, INDIA/NEPAL

- KNOWLEDGE PARTNER AMRITA VISHWA VIDYAPEETHAM
- POWERED BY RIMJHIM



आज दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के यूपी रतन अवार्ड कार्यक्रम में आए सभी ऐसे कर्मयोगियों के बीच खुद को पाकर बहुत खुश महसूस कर रहा हूं. जिन्होंने समाज को कुछ देने का काम किया है. आज दैनिक जागरण समूह यूपी रतन अवार्ड के रूप में उसी सामाजिक सरोकार को चुना है. **गिरिराज सिंह,** टेक्सटाइल मिनिस्टर



देश में प्रमुख अवार्ड बहुत कम हैं ऐसे में दैनिक जागरण आईनेक्स्ट यदि कुछ लोगों को अवार्ड दे रहा है तो यह सराहना का विषय है. यह जागरण का पदमश्री अवार्ड है. मैं सभी अवॉर्डीज से यह उम्मीद करता हूं वह अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर अन्य लोगों को भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करें. **प्रो. एसपी सिंह बघेल,** केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री



देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से छिपी प्रतिभाओं को उकेरने का प्रयास किया है, उसी तरह दैनिक जागरण ने भी अलग-अलग क्षेत्रों में ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित और प्रोत्साहित करने का कार्य किया है जिन्होंने संसाधनों के अभाव में बेहतर करने का प्रयास किया है. **संजय सेठ,** यूनियन मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर डिफेंस

### 'आप सब के योगदान के बगैर समाज नहीं बदल सकता'

चीफ गेस्ट गिरिराज सिंह ने कहा कि आज दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के यूपी रत्न अवॉर्ड कार्यक्रम में आए सभी ऐसे कर्मयोगियों के बीच खुद को पाकर बहुत खुश महसूस कर रहा हूं. जिन्होंने समाज को कुछ देने का काम किया है. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के संबंध में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह अखबार अपने कॉन्टेंट के मामले में भी सेक्युलर है, जो कई भाषाओं में खबरों को प्रकाशन कर रहा है. समाजिक क्षेत्र में जब तक कुछ लोग आगे नहीं आते तब तक लोगों को प्रेरणा नहीं मिलती. जल पुरुष राजेंद्र सिंह, अन्ना हजारे जैसे सामाजिक लोग किसी विधायक-सांसद से कम हैसियत नहीं रखते. आज देश के हालात क्यों न बदलें जब देश का प्रधान सेवक के रूप में काम कर रहा है. कैबिनेट मंत्री ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज दवाओं की कीमत कम हुई है. 50 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड के जरिए लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिली है. 12 रुपए सालाना पर एक्सीडेंटल इंश्योरेंस केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धि है. सभी अवार्डी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सब के योगदान के बगैर समाज नहीं बदल सकता. धर्मशाला, स्कूल, अस्पताल सब समाज बनाता रहा है. आज दैनिक जागरण समूह यूपी रत्न अवॉर्ड के रूप में उसी सामाजिक सरोकार को चुना है.

# उत्तर प्रदेश के 'अनमोल रत्नों' का आज किया जाएगा सम्मान

UP
inext
UP RATAN
SAMMAN 2024

**नई दिल्ली स्थित होटल हयात रीजेंसी में एक अगस्त को शाम 6 बजे से शुरू होगा समारोह**

**चीफ गेस्ट टेक्सटाइल मिनिस्टर गिरिराज सिंह करेंगे सभी हस्तियों को सम्मानित**

newsroom@inext.co.in

विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम हासिल कर नाम कमाने वाले आंत्रप्रेन्योर्स को एक बार फिर से दैनिक जागरण आई नेक्स्ट सम्मानित करने जा रहा है. एक अगस्त गुरुवार को नई दिल्ली स्थित होटल हयात रीजेंसी में इन सभी हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा. टेक्सटाइल मिनिस्टर व कार्यक्रम के चीफ गेस्ट गिरिराज सिंह सभी हस्तियों को सम्मानित करेंगे. गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग इस इंवेट में स्पेशल गेस्ट है. दैनिक जागरण आई नेक्स्ट का यूपी रतन सम्मान समारोह पावर्ड बाई रिमझिम इस्पात हैं, जबकि नॉलेज पार्टनर अमृता विश्वविद्यापीठम है.

## रोशन किया यूपी का नाम

उत्तर प्रदेश की इन सभी हस्तियों ने अपने टैलेंट, पॉजिटिव विजन और पैशन से न सिर्फ इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. बल्कि, यूपी का नाम भी ग्लोबल लेवल पर हाईलाइट किया है. कार्यक्रम की शुरूआत शाम 6 बजे से होगी. यूपी के इन सभी अनमोल रत्नों को समारोह के चीफ गेस्ट व भारत सरकार में टेक्सटाइल मिनिस्टर गिरिराज सिंह सम्मानित करेंगे. उनके साथ गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. एसपी सिंह बघेल, मिनिस्टर ऑफ स्टेट, फिशिरीज, एनिमल हसबैंड्री व पंचायती राज और यूनियन मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर डिफेंस संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे. दैनिक जागरण आई नेक्स्ट उत्कृष्ट व खोजी खबरों के साथ ही हमेशा से अपने सकारात्मक कार्यों के लिये जाना जाता है. यूपी रतन सम्मान इसी कड़ी का एक हिस्सा है. इससे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को और भी बेहतरीन काम करने की प्रेरणा भी मिलती है.

## आर्थिक सपनों को मजबूती दे रहे शलब गुप्ता



अपनी असाधारण वित्तीय सूझबूझ और नवाचार के प्रति जुनून के लिए प्रसिद्ध शलब गुप्ता बिभब उत्तर प्रदेश के वित्तीय परिदृश्य में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान रखते हैं. व्यावसायिक उत्कृष्टता की समृद्ध विरासत और उत्कृष्टता की निरंतर खोज के साथ शलब ने राज्य के सबसे बड़े वित्तीय सलाहकार और एक अग्रणी उद्यमी के रूप में अपने लिए कुछ ही समय में विशेष जगह बनाई है. ताजनगरी के प्रमुख व्यावसायिक परिवार से आने वाले शलब ने 2007 में एसआईएमएसआरईई मुंबई से ग्रेजुएशन किया. एक इक्विटी रिसर्च एनालिस्ट के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया. उनकी उद्यमशीलता की भावना ने उन्हें 2019 में बिभब कैपिटल की स्थापना करने के लिए प्रेरित किया. शलब को गुरुवार को दिल्ली में आयोजित समारोह में यूपी रत्न अवॉर्ड-2024 से सम्मानित किया जाएगा.

## विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुके डॉ. धीरज दुबे



वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर और फेमस ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. धीरज दुबे आमजन के दर्द को दूर कर रहे हैं. डॉ. धीरज दुबे शॉर्ट स्टे सर्जरी विद फास्टट्रैक रिहेबिलिटेशन तकनीक से टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी कर आमजन को राहत प्रदान कर रहे हैं. इसके लिए डॉ. दुबे ने विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है. उन्होंने एक दिन में सर्वाधिक सफल 34 रिप्लेसमेंट सर्जरी की हैं. इसके लिए उन्हें इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड और फॉर्ब्स वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेशन की ओर सम्मानित भी किया जा चुका है. हाल ही में उन्हें एक्सीलेंस इन ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी का अवॉर्ड भी प्रदान किया गया.गुरुवार को उन्हें दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में यूपी रत्न 2024 से सम्मानित किया जाएगा.

# सपनों को साकार कर रहे शलब गुप्ता




● मुख्य अतिथि से यूपी रतन सम्मान प्राप्त करते शलब गुप्ता विभव व ईशा गुप्ता.

agra@inext.co.in

**AGRA (1 Aug.) :** नई दिल्ली स्थित होटल हयात रीजेंसी में यूपी रतन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. चीफ गेस्ट टेक्सटाइल मिनिस्टर गिरिराज सिंह, गेस्ट ऑफ ऑनर मिनिस्टर ऑफ स्टेट, फिशिरीज, एनिमल हसबैंड्री व पंचायत राज प्रो. एसपी सिंह बघेल, यूनियन मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर डिफेंस संजय सेठ, स्पेशल गेस्ट सांसद अतुल गर्ग ने शलब गुप्ता विभव को यूपी रतन अवॉर्ड से सम्मानित किया. इस अवसर पर उनकी वाइफ ईशा गुप्ता भी मौजूद रहीं.

## बनाई अपनी पहचान

अपनी असाधारण वित्तीय सूझबूझ और नवाचार के प्रति जुनून के लिए प्रसिद्ध शलब गुप्ता विभव उत्तर प्रदेश के वित्तीय परिदृश्य में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान रखते हैं. व्यावसायिक उत्कृष्टता की समृद्ध विरासत और उत्कृष्टता की निरंतर खोज के साथ शलब ने राज्य के सबसे बड़े वित्तीय सलाहकार और एक अग्रणी उद्यमी के रूप में अपने लिए कुछ ही समय में विशेष जगह बनाई है. ताजनगरी के प्रमुख व्यावसायिक परिवार से आने वाले शलब ने 2007 में एसआईएमएसआरईई मुंबई से ग्रेजुएट किया. वर्ष 2010 में वे फैमिली बिजनेस में शामिल हो गए. एक इक्विटी रिसर्च एनालिस्ट के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया. उनकी उद्यमशीलता की भावना ने उन्हें 2019 में विभव कैपिटल की स्थापना करने के लिए प्रेरित किया.

## अचीवमेंट

- उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े वित्तीय सलाहकार
- 1650 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति
- 550 एचएनआई, कॉर्पोरेट ट्रेजरी और 300 खुदरा ग्राहकों को सेवाएं दे रहे हैं.
- 65 करोड़ के मजबूत बुक साइज के साथ पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस
- मोतीलाल ओसवाल के फ्रेंचाइजी पार्टनर, 350 एक्टिव डीमैट अकाउंट की देखरेख
- 2022 में सीएफपी सर्टिफिकेशन पूरा किया, खुद को राज्य के कुछ मान्यता प्राप्त पेशेवरों में से एक के रूप में स्थापित किया

## दूरदर्शी दृष्टिकोण और परोपकारी

शलब वित्तीय सलाहकार सेवाओं और विकास रणनीतियों में विविधता लाने की कल्पना करते हैं. अपने प्रोफेशन से परे, वे सामाजिक कार्यों में भी प्रमुख रूप से सक्रिय हैं. बच्चों पर फोकस्ड चैरिटेबिल कार्यों में उनकी विशेष रूप से सहभागिता रहती है.


SAMMAN
UP
next
UP
RATAN